भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

मत्स्यपालन विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1981

05/08/2026 को उत्तर के लिए

असम में एकीकृत जलीय कृषि विकास

1981 श्री जोगेन मोहनः

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा असम में वैज्ञानिक मत्स्यपालन तथा एकीकृत जलीय कृषि को प्रोत्साहित करने के लिए कोई विशेष पहल की गई है;
(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत असम को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार राज्य में अतिरिक्त मत्स्य हैचरी, शीत- श्रृंखला अवसंरचना तथा मत्स्य आहार मिलों की स्थापना का विचार रखती है; और
(घ) सरकार द्वारा मत्स्य उत्पादन बढ़ाने तथा अन्य राज्यों से मछली के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) से (घ): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय असम सहित सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मात्स्यिकी और जलकृषि के सतत विकास के लिए वर्ष 2020-21 से 20,750 करोड़ रूपए के कुल परिव्यय से अपनी प्रमुख योजना प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) का कार्यान्वयन कर रहा है। PMMSY योजना के अंतर्गत अन्य बातों के साथ-साथ असम राज्य में मात्स्यिकी अवसंरचना के विकास, जलकृषि के विस्तार, प्रौद्योगिकी समावेशन, कल्याणकारी गतिविधियों के लिए सहायता और बाजार विस्तार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने विगत छह वर्षों (2020-21 से 2025-26) के दौरान असम सरकार को 298.44 करोड़ रुपए के केंद्रीय हिस्से के साथ 541.63 करोड़ रुपए की PMMSY परियोजनाओं को मंजूरी दी है। स्वीकृत केंद्रीय हिस्से में से विगत छह वर्षों (2020-21 से 2025-26) में असम सरकार को 218.51 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई थी। जिला-वार आवंटन राज्य स्तर पर किया जाता है। असम सरकार के मत्स्यपालन विभाग द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, विगत तीन वर्षों (2023-24 से 2025-26) के दौरान PMMSY के तहत प्रदान की गई जिला-वार वित्तीय सहायता का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

PMMSY की लाभार्थी-उन्मुख गतिविधियों के तहत स्थानीय मत्स्य किसानों और उद्यमियों को सीधे सहायता प्रदान करने के लिए मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने 106 मत्स्य बीज हैचरी, 1175 हेक्टेयर नए मत्स्य तालाब, 39 री-सर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (RAS), 216 बायोफ्लॉक इकाइयां, विभिन्न क्षमताओं की 108 मत्स्य चारा मिलें, 1402 छोटे मत्स्य परिवहन वाहन और 15 बड़े मत्स्य परिवहन वाहन, दरांग जिले में एक एकीकृत एक्वा पार्क (IAP) और असम राज्य में एक अत्याधुनिक आधुनिक थोक मत्स्य बाजार को मंजूरी दी है। इन पहलों के परिणामस्वरूप, असम में मत्स्य उत्पादन वर्ष 2014-15 के 2.83 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 5.29 लाख मीट्रिक टन हो गया है, जिससे प्रति व्यक्ति वार्षिक खपत बढ़कर 15.22 किलोग्राम हो गई है और इसमें 80% से अधिक की दशकीय वृद्धि दर्ज की गई है।

******

अनुबंध-I

माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा, श्री जोगेन मोहन द्वारा पूछे गए 5 अगस्त, 2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1981 के भाग-(ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण: असम में विगत तीन वर्षों (2023-24 से 2025-26) के दौरान PMMSY के तहत ज़िलेवार दी गई वित्तीय सहायता का विवरण

(रुपए लाख में)

क्र. सं.	जिलों का नाम	वित्तीय वर्ष 2023-24	वित्तीय वर्ष 2024-25	वित्तीय वर्ष 2025-26
1	बक्सा	61.65	132.56	86.72
2	बारपेटा और बजाली	105.14	168.15	74.62
3	बिश्वनाथ	105.73	171.86	95.80
4	बोंगईगांव	158.03	188.63	79.31
5	कछार	88.12	167.38	139.42
6	चराइदेव	29.95	51.16	34.50
7	चिरांग	31.70	85.99	28.65
8	दरांग	71.17	149.02	61.53
9	धेमाजी	81.54	169.62	110.63
10	धुबरी	73.73	100.76	61.75
11	डिब्रूगढ़	134.84	202.28	121.73
12	दीमा हसाओ	12.75	19.62	17.88
13	गोलपाड़ा	71.54	254.78	816.48
14	गोलाघाट	93.06	212.84	108.51
15	हैलाकांडी	64.19	233.06	130.46
16	होजाई	63.54	128.31	69.17
17	जोरहाट	60.87	135.90	103.83

18	कामरूप (एम)	96.52	78.86	45.10
19	कामरूप	45.18	217.48	96.32
20	कार्बी आंगलोंग	19.17	178.02	37.37
21	श्रीभूमि (करीमगंज)	132.79	246.55	100.44
22	कोकराझार	22.35	60.56	72.12
23	लखीमपुर	112.94	168.78	83.64
24	माजुली	93.87	155.60	97.42
25	मोरीगांव	139.74	291.62	201.85
26	नगांव	199.84	425.54	231.04
27	नलबाड़ी	124.66	174.86	32.78
28	शिवसागर	87.16	187.07	95.41
29	सोनितपुर	60.46	198.68	145.90
30	दक्षिण सलामारा-मनकाचर	92.56	160.80	49.27
31	तिनसुकिया	72.05	204.23	145.85
32	उदलगुड़ी	62.39	155.39	79.05
33	पश्चिम कार्बी आंगलोंग	35.48	139.40	19.03
कुल		**2,704.71**	**5,615.36**	**3,673.58**

*****